तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 28.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024

10 नालों की सफाई में जुटा नगर निगम का अमला

12 घर-घर कचरा संग्रहण कर नगर व गांव का मान बढ़ा...




# बस स्टैंड में दुर्घटना के बाद पालिका प्रशासन सक्रिय, नेशनल हाईवे को लिखा पत्र

## हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद घटनास्थल पहुंची पालिका की टीम, किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिला मुख्यालय के नया बस स्टैंड परिसर में नाली का गंदा पानी जाम होने और गड्ढे से दुर्घटना होने की समस्या को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया। उसके बाद सोमवार को नगर पालिका सीएमओ सौरभ शर्मा मौके पर पहुंचे और बारीकी से जांच की। नगर पालिका प्रशासन ने राष्ट्रीय राजमार्ग 930 उपसंभाग बालोद को पत्र लिखकर कहा है कि एक सप्ताह के भीतर बस स्टैंड से लेकर भाटिया पेट्रोल पंप तक नाली निर्माण पूर्ण करें, ऐसा नहीं हुआ तो विपरीत परिस्थिति आने पर इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी नेशनल हाईवे विभाग की होगी। पालिका प्रशासन द्वारा लिखे गए पत्र में सबसे बड़ी बात यह भी है कि आम जनता के साथ पालिका प्रशासन भी मान रहा है कि नेशनल हाईवे विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्य और नाली निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है।

■ नाली निर्माण पूर्ण करने सप्ताहभर का अल्टीमेटम

**हरिभूमि ने उठाया लापरवाही का मुद्दा-** विदित हो कि हरिभूमि ने बस स्टैंड में पहुंचने वाले यात्रियों की समस्याओं को देखते हुए खबर प्रकाशन कर जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया। नेशनल हाइवे विभाग द्वारा आम जनता को होने वाली समस्याओं को लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है। इस बीच बस स्टैंड में ई-रिक्शा पलटने के बाद हरिभूमि ने जिम्मेदारों की लापरवाही को लेकर एक बार फिर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया। वहीं, नगर पालिका प्रशासन हरिभूमि में खबर प्रकाशित होते ही आम जनता की समस्या को सुधारने मौके पर पहुंच गया। सोमवार को खबर लगते ही नगर पालिका सीएमओ शौरभ शर्मा खुद मौके पर पहुंचे और बारीकी से जांच कर वैकल्पिक व्यवस्था के लिए दिशा निर्देश देते नजर आए, उन्होंने आम जनता की समस्या को बहुत जल्द दूर करने की बात कही।



### बालोद पालिका प्रशासन ने यह लिखा

बालोद पालिका प्रशासन ने नेशनल हाईवे विभाग को पत्र के माध्यम से कहा कि दुर्ग–दल्ली मुख्यमार्ग एनएच 930 पर रोड़ चौडीकरण एवं नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। किन्तु निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 16 नया बस स्टैण्ड के समीप जलेबी भंडार से भाटिया पेट्रोल पम्प के सामने तक आपके द्वारा नाली निर्माण नहीं करने के कारण आम नागरिकों को गंदा पानी निकासी की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उक्त संबंध में आपके विभाग द्वारा होली पर्व के बाद निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जाने का आश्वासन दिया गया था। परंतु आज तक उक्त नाली निर्माण कार्य अप्रारंभ हैं। अतः नाली निर्माण कार्य 1 सप्ताह के भीतर पूर्ण करने का कष्ट करें, अन्यथा विपरीत परिस्थिति आने पर आपका विभाग जवाबदार होगा।


अनदेखी : हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद भी नहीं जागे जिम्मेदार

जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे लोग, बस स्टैंड पर पलटी ई-रिक्शा, सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिस दुर्घटना के होने की आशंका हरिभूमि लगातार व्यक्त कर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करा रहा था, वह दुर्घटना आखिर हो ही गई। घटना में 6 लागों को चोटें आई है। हरिभूमि बस स्टैंड के प्रवेश द्वार पर स्थित गड्ढे को लेकर लगातार प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करा रहा था, लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया और राहगीर दुर्घटना के शिकार हो गए। गनीमत रही कि किसी को ऊपरी गंभीर चोटें नहीं आई है।

शनिवार की शाम गंदा पानी में बच्चे व महिला सहित 6 से 7 लोग गिर गए और घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। दरअसल बस स्टैंड के प्रवेश द्वार के बीचों-बीच एक बड़ा गड्ढा है, जो पानी भरे होने के कारण दिख नहीं रहा है। शनिवार को ई-रिक्शा में बैठकर कुछ यात्री, बस स्टैंड प्रवेश कर रहे थे, इस दौरान ई-रिक्शा का एक पहिया गड्ढे में चला गया। इससे ई-रिक्शा पलट गया और उसमें सवार 6-7 यात्री जिसमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं, वे सभी गंदे पानी में गिर गए। उन्हें चोट भी आई, उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया गया।

बस स्टैंड के प्रवेश द्वार पर बीच में है एक गड्ढा, सुधारने नहीं की गई पहल

पानी भरा होने के कारण गड्ढे का पता नहीं चला और पलट गई रिक्शा

दुर्घटना के बाद भी लापरवाह नजर आए जिम्मेदार

इस घटना के बाद भी जिम्मेदारों ने स्थिति को सुधारने कोई प्रयास नहीं किया। नेशनल हाईवे विभाग और नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते बस स्टैंड परिसर में स्थित दुकानदार और यहां रोजाना पहुंचने वाले सैंकड़ों यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आम जनता की परेशानियों को सुलझाने तथा वैकल्पिक व्यवस्था करने कोई भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

नेशनल हाईवे निर्माण कछुआ चाल से

बस स्टैंड की यह स्थिति नेशनल हाईवे 930 निर्माण कार्य कछुआ गति से चलने के कारण निर्मित हुई है। सड़क किनारे नाली निर्माण का कार्य जारी है, लेकिन सबसे बड़ी लापरवाही नाली निर्माण कार्य के पहले शहर से निकलने वाली गंदगी व गंदा पानी को बाहर निकालने कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बनाई गई, जिसके कारण बस स्टैंड परिसर में और खास तौर पर प्रवेश द्वार में नाली का गंदा पानी बह रहा है, जिसे पार करके यात्री बस स्टैंड में प्रवेश कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### ट्रक चोरी कर भाग रहे आरोपी ने बोलेरो को ठोका

**गुरूर।** ट्रक चोरी कर भाग रहे चोर ने सामने चल रहे एक बोलेरो को जोरदार ठोकर मार दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। दरअसल गुरुर नगर के स्टेट बैंक के सामने ट्रक ड्राइवर दोपहर को अपनी ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 4696 को खड़ी कर भोजन करने गया था। इस बीच एक व्यक्ति ट्रक को चोरी कर ले गया और ग्राम निपानी के पास एक बोलेरो को ठोकर मार दिया। इस घटना के बाद ट्रक मालिक सुभाषचंद साहू को इसकी जानकारी लगते ही वह घटना स्थल पहुंचा और चोरी करने वाले व्यक्ति का मोबाइल लेकर उससे बात की। ट्रक चोरी करने वाले आरोपी ने अपना नाम और पता दामू नेवारे 27 वर्ष ग्राम पिनकेपार थाना तिरोड़ा, जिला गोंदिया महाराष्ट्र बताया। ट्रक मालिक की शिकायत पर गुरुर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

### विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड बालोद के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि बालोद उपकेन्द्र से निकलने वाली फीडरों की विद्युत आपूर्ति आज सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी।
उन्होंने बताया कि बालोद 33/11 केव्ही उपकेन्द्र बालोद से निकलने वाली 11 केव्ही पाररास फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र शिकारीपारा, कुंदरू पारा, मधु चौक, रामदेव चौक, सदर रोड, बूढापारा कालोनी, कचहरी चौक एवं आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि विद्युत आपूर्ति आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

### 10 को खुलेगा अहाता टेंडर

**बालोद।** वर्ष 2024–25 के लिए देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के अनुज्ञप्त परिसर से संलग्न अहातों हेतु अनुज्ञप्तियों की निविदा ऑनलाईन माध्यम से किया जाएगा। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन का कार्य 07 मई तक प्रक्रियाधीन होने के कारण बालोद जिले के निविदाकारों का चयन 10 मई 2024 को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में किया जाएगा। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि पूर्व में इसकी तिथि 26 अप्रैल एवं 29 अप्रैल निर्धारित की गई थी।

### 5 से 7 मई तक ड्राय डे

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग नवा रायपुर के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले के देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान अरकार में 5 से 7 मई तक शुष्क दिवस घोषित किया है।
इसके अंतर्गत बालोद जिले के सीमावर्ती जिला दुर्ग में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 07 मई मतदान के अवसर पर देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान अरकार को बंद रखने के आदेश जारी किए हैं।

परेशानी : ग्राम पंचायत बड़भूम सहित आश्रित ग्राम पेटेचुवा, जंगली भेजा व दुग्गाबाहरा में पानी की समस्या

# घर-घर लगा नल, पर तीन साल बाद भी टंकी निर्माण अधूरा, इसलिए नहीं पहुंच रहा जल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले के गुरुर ब्लॉक मुख्यालय अंतर्गत शामिल ग्राम पंचायत बड़भूम सहित आश्रित ग्राम पेटेचुवा, जंगली भेजा और दुग्गाबाहरा में पानी की समस्या बनी हुई है। वहीं, बड़भूम में बनने वाला पानी टंकी तीन वर्षों बाद निर्माणाधीन है। इस कारण घरों में लगे नल शो-पीस बनकर रह गए हैं।

■ टंकी का निर्माण पूरा नहीं होने से घरों में लगे नल बने शो–पीस

पंचायत मुख्यालय बड़भूम में गाँव के प्रत्येक घरों में नल-जल का कनेक्शन पहुँच चुका है। बावजूद इसके घर में पानी नहीं पहुँच पा रहा है, क्योंकि पानी टंकी का निर्माण कार्य तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद पूरा नहीं हो सका है।

ग्राम बड़भूम में लगभग 1000 हजार से ज्यादा की जनसंख्या है, जो एक स्कूल में लगे सार्वजनिक मोटर पम्प पर आश्रित है। इसके कारण ग्रामीणों की भीड़ सुबह और शाम लगी रहती है। दूर घरों तक पानी ले जाने के लिए उन्हें सायकल का सहारा भी लेना पड़ता है। वहीं, ग्रामीणों को राहत दिलाने के लिए अनेक बोर खनन किया ⏭ शेष पेज 11 पर




## बड़भूम में एकमात्र सार्वजनिक बोर से मिल रहा पानी

### पेटेचुआ में नल से मुश्किल से दो बाल्टी पानी मिलता है

आश्रित ग्राम पेटेचुवा में लगभग 1000 की जनसंख्या है, जहाँ पर शासन की योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण कर प्रत्येक घरों में कनेक्शन दिया गया है। लेकिन उस नल से ग्रामीणों को पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है और हालात पहले की तरह बनी हुई है। आश्रित ग्राम पेटेचुवा की ग्रामीण कौशिल्या सिन्हा ने बताया कि पुराने मोटर पम्प के माध्यम से पानी टंकी में पानी भरकर घरों तक पानी दिया जाता है, लेकिन वह पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि घरों में लगे नल से महज दो बाल्टी पानी ही मिल पाता है, बाकी पानी की पूर्ति के लिए सार्वजनिक नल का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने बताया कि गाँव के मुख्य चौक पर लगाई गई प्लास्टिक टंकी में पानी नहीं है। गाँव के अधिकांश लोग आज भी कुएँ पर आश्रित हैं। मोटर पम्प से पानी इतना कम आता है कि पानी टंकी को भरने सुबह से शाम हो जाती है। आश्रित ग्राम दुग्गाबाहरा में सार्वजनिक बोर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन वाटर लेवल नीचे जाने के कारण पानी का स्रोत कम है। इस गाँव की जनसंख्या लगभग 200 के करीब है, जो पानी के लिए जूझ रही है।





### जनदर्शन में रखी मांग, नहीं हुई पूरी : सरपंच कुंजाम

बड़भूम सरपंच बल्ला कुंजाम ने बताया कि बीते तीन वर्षों से जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी टंकी आज तक अधूरी पड़ी है। इसके कारण लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुँच पा रहा है। हैंडपम्प की मरम्मत भी नहीं हो पा रही है। वहीं, पानी की समस्या को ध्यान में रखकर जनदर्शन के माध्यम से प्रत्येक गाँव में बोर खनन की मांग की गई थी, लेकिन एक भी मांग पूरी नहीं हुई। आश्रित ग्राम पेटेचुवा में पानी टंकी बनने के बाद भी वाटर लेवल कम होने के कारण लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। आश्रित ग्राम जंगली भेजा पानी की बहुत ज्यादा समस्या है। इसके साथ ही दुग्गाबाहरा में भी पानी की कमी बनी हुई है।

## बाल विवाह रोकने प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल द्वारा बाल विवाह की रोकथाम के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। चन्द्रवाल ने जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश जारी कर कहा है कि समाज में व्याप्त इस बुराई के पूर्णतः उन्मूलन के लिए जनप्रतिनिधियों, नगरीय निकाय, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संगठनों एवं आमजनों से सहयोग प्राप्त कर कड़ी कार्रवाई करें। बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं बल्कि कानूनी अपराध भी है। उल्लेखनीय है कि 10 मई शुक्रवार को अक्षय तृतीया का पर्व है। चन्द्रवाल ने इस अवधि में बाल विवाह न हो, इसका विशेष ध्यान रखते हुए समुचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिले में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, ग्राम सचिव, वार्ड पार्षद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्थानीय थाना प्रभारी एवं जिला स्तर पर जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग को दूरभाष क्रमांक 07749–223941 तथा चाईल्ड हेल्प लाईन टोल फ्री नम्बर 1098 में भी सूचित किया जा सकता है।

■ कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

## नगर के वार्ड क्रमांक 2 में समस्याओं का अंबार नागरिकों में आक्रोश, नपाध्यक्ष से की शिकायत


वार्ड पार्षद पर लगाया निष्क्रियता का आरोप

कहा- बार-बार बताने के बाद भी नहीं हो रहा समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

स्थानीय वार्ड क्रमांक 2 में मूलभूत समस्या को लेकर अब वार्डवासियों का आक्रोश बढ़ने लगा है। समस्या का समाधान नहीं होने से नागरिक व पालिका प्रशासन आमने-सामने हो गए हैं। समस्याओं से परेशान वार्डवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर को ज्ञापन सौंपकर दो दिनों के भीतर नाली, सड़क सहित अन्य समस्याओं का समाधान करने की मांग की है, अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

वार्ड नं. 2 आजाद नगर पण्डर दल्ली राजहरा के नागरिकों ने आरोप लगाया कि पार्षद की निष्क्रिकता की वजह से समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वार्ड के निवासी चंद्रिका व मंजूमति के घर के पास का नल पिछले 3 महिने से टूटा पड़ा है, जिस कारण वहां का पानी बेवजह गली में बहता रहता है। वहीं, बाकी गली के नल में पानी नहीं चढ़ पाता है। इसी तरह वार्ड में नाली का निर्माण किया गया है, परन्तु उसे ऊपर से खुला छोड़ दिया गया है, जिस कारण यहाँ बदबू, गंदगी और बरसात के दिनों में नाली के रास्ते साँप घरों में घुस जाते हैं। यहां मोहल्ले में शराब की अवैध बिक्री भी बड़ी समस्या है। शराब पीने वाले पानी पाउच और शराब की बोतलें नाली में डाल देते हैं, ⏭ शेष पेज 11 पर





### किराएदार का सामान फेका, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** बिना जानकारी के किराएदार का मकान का ताला तोड़कर सामान सड़क पर रखने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने बाप बेटी के खिलाफ पुलिस ने धारा 448, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भट्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर 1 सड़क 17 क्वाटर 1 ए निवासी ईशुदास कुजुर ने पुलिस में शिकायत किया है कि एमएसएन मूर्ति और उसकी पुत्री एम अंजनी के द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के किराये के मकान का ताला तोड कर भीतर प्रवेश किया। भीतर रखे गए सारे सामान को बाहर रोड पर रख दिया गया था। बीते सात वर्षो से उक्त मकान में 7 वर्षो से पीड़ित किराये में रहता है। बीएसपी आईआर विभाग में प्रायवेट ड्रायवर है। पीड़ित का मूल निवास ग्राम व पोस्ट खुटगांव तहसील थाना फरसाबहार जिला जशपुर का रहने वाला है। मकान मालिक सीता लक्ष्मी का 6/ फरवरी को निधन हो गया।

जिले में 42 डिग्री पार हुआ पारा

# सूरज की लुका-छिपी जारी, तेज धूप व उमस से लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

विगत दो तीन दिनों से जिले में सूरज और बादल के बीच लुका-छिपी का खेल चल रहा है। इधर उमस भरी गर्मी के कारण लोग हलाकान हैं। भीषण गर्मी मे लोग पसीने से तर बतर हो रहे हैं। पंखे की हवा भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं दे पा रही है। वहीं, जिले में पारा 42 डिग्री तक पहुंच गया है।

इस बीच, कुछ दिन पूर्व हुई बारिश से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली थी। लेकिन उसके बाद फिर से लोग उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया है। गर्मी की वजह से घर से बाहर निकलने वाले लोगों का गला सूखने लगा है। वहीं, इस संकट को देखते हुए जगह-जगह अस्थायी रूप से प्याऊ घर स्थापित किया गया है। इंसानों के प्यास बुझाने तमाम तरह के उपाय ढूंढ निकाला है, लेकिन पशु पक्षियों के लिए भी इसी तरह से प्यास बुझाने की पहल करने की जरूरत है।




### गर्मी से पक्षियों की हुई मौत

बीते दिनों दो अलग-अलग जगह पर भीषण गर्मी के कारण पक्षियों की मौत हो गई थी, जबकि अभी लू लगने वाली गर्मी शुरू भी नहीं हुई है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि आगामी मई और जून माह में किस तरह से भीषण गर्मी का सामना मनुष्यों व पशु पक्षियों को करना पड़ेगा। बीते दो दिनों से सुबह होते ही उमस ने लोगों को परेशान कर रखा है। आसमान में बार–बार काले बादल आते–जाते रहे, एक–दो बार बूंदा-बांदी के हालात भी बने, लेकिन बारिश नहीं हुई। इसके बाद मौसम लगातार रुख बदलता रहा।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा नहीं हमारे छात्र, इसलिए 10वीं-12वीं में एनसीसी बोनस शून्य

## दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम अगले सप्ताह हो सकते हैं जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम अगले सप्ताह जारी करने की तैयारी में है। माशिम ने मूल्यांकन सहित सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली है। विभिन्न विभागों से उन छात्रों की सूची भी मंगा ली गई है, जिन्हें बोनस अंक प्रदान किए जाने हैं। माशिम राष्ट्रीय स्तर के खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ी छात्रों के साथ-साथ स्काउट-गाइड, विद्या भारती, एनसीसी, एनएसएस जैसे कई वर्गों में छात्रों को बोनस अंक प्रदान करता है। विभिन्न विधाओं के अंतर्गत जिन छात्रों को बोनस अंक प्रदान किए जा रहे हैं, उनकी सूची माशिम ने जारी कर दी है। इनमें से एनसीसी और एनएसएस कैटेगरी में एक भी छात्र को बोनस अंक प्रदान नहीं किए जा रहे हैं। इसकी वजह यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले समारोहों में छग का कोई छात्र शामिल नहीं हुआ है। इसके कारण उन्हें बोनस अंकों के लिए पात्र नहीं पाया गया। एनसीसी में शामिल ऐसे छात्र, जो राष्ट्रीय स्तर पर कोइ उपलब्धि प्राप्त करते हैं, उन्हें ही बोनस अंक प्रदान किया जाता है।

- खेल, स्काउड-गाइड सहित कई विधाओं में छात्रों को दिए जाने हैं बोनस अंक
- राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले समारोहों में छग का कोई छात्र शामिल नहीं हुआ है




### एनएसएस में नियम

गणतंत्र दिवस परेड में एनएसएस छात्र हिस्सा नहीं लेते हैं। परेड और परीक्षा की तारीखें आस-पास ही होती हैं, इसलिए एनएसएस छात्रों के लिए केंद्र ने ही यह नियम बनाया है। बोनस अंक राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि प्राप्त विद्यार्थियों को ही देते हैं। माशिम ने हमसे जानकारी मांगी थी, हमने भेज दी है।
-**डॉ.नीता बाजपेयी,** राज्य एनएसएस प्रभारी

### एनसीसी में लंबी है प्रक्रिया एनएसएस में प्रावधान नहीं

26 जनवरी के दिन दिल्ली में होने वाले परेड में छात्रों को शामिल होने का मौका दिया जाता है। इसमें जो छात्र हिस्सा लेते हैं, उन्हें ही परीक्षाओं में बोनस अंक का प्रावधान है। इसमें चयन के लिए लंबी प्रक्रिया होती है। स्कूलों में फरवरी माह में ही प्रायोगिक परीक्षाएं प्रारंभ हो जाती हैं। ऐसे में अधिकतर स्कूल छात्रों की पढ़ाई को प्राथमिकता देते हैं। राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में तो छात्र हिस्सा लेते हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन प्रक्रिया लंबी होने के कारण वे दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। यही वजह है कि एनसीसी छात्र की भागीदारी कम रहती है। इसके अलावा एनएसएस छात्र नियमों के कारण हिस्सा नहीं ले रहे हैं। गौरतलब है कि माशिम इस बार दसवीं व बारहवीं कक्षा में 2 हजार 239 छात्रों को बोनस अंक प्रदान कर रहा है।

## खबर संक्षेप



### चितवन वृद्धाश्रम के बुजुर्गों संग मंदिर भ्रमण

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल द्वारा चितवन वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को महादेवघाट मंदिर के दर्शन कराए गए। मंदिर दर्शन के बाद सबने नौका विहार का आनंद लिया। मंदिर परिसर में सबने एक साथ बैठकर स्वल्पाहार ग्रहण किया। इसके बाद सभी बुजुर्गों को सांई मंदिर के दर्शन भी कराए गए। वामा की संपादिका दीया मूलचंदानी ने बताया कि मंदिर भ्रमण कार्यक्रम चितवन परिवार के सभी सदस्यों को बहुत ही अच्छा लगा। भ्रमण के दौरान सभी बुजुर्ग प्रसन्न एवं उत्साहित नजर आए। इस दौरान वामा परिवार की फाउंडर लीना वाढेर, कन्वेनर रूपाली दुबे, सेक्रेटरी कल्पना गुप्ता सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### चुगली करने का आरोप महिला की पिटाई

**रायपुर।** कबीर नगर थाने में एक महिला ने एक अन्य महिला तथा पुरुष के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक जरवाय निवासी साहेला फरहीन ने वाहिदा परवीन तथा समीर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। साहेला ने पुलिस को बताया कि वाहिदा तथा समीर ने उस पर चुगली करने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

### मतदान दलों को लंच पैकेट के साथ नीबू पानी पहुंचाएंगे निगम कर्मचारी

**रायपुर।** नगर निगम का अमला शहर के 750 बूथों में मतदान दलों को भोजन के पैकेट पहुंचाएगा। इसके साथ ही लू से बचाव के लिए नीबू पानी पिलाने की योजना बनाई गई है। अधिकारियों को जिम्मेदारी देकर इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर क्षेत्र के 750 बूथों पर मतदान दलों को भोजन पैकेट और नीबू पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए 5 या 5 से अधिक मतदान केंद्र वाली जगहों पर अलग-अलग लोगों की ड्यूटी लगाई जाएगी। वहीं 5 से कम मतदान केंद्रों वाली जगह के आसपास 5 मतदान केंद्र वाले अधिकारियों को वहां का जिम्मा दिया जाएगा। 6 और 7 मई को मतदान दलों को भोजन के पैकेट भी नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

### रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का प्रोजेक्ट, 3 साल पहले बना था प्लान

# मालवीय रोड बिजली तार से मुक्त, 6 जगहों पर अंडरग्राउंड केबलिंग अधूरी, जून तक मियाद


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के प्रमुख 7 मार्गों की सड़क को स्मार्ट रोड बनाने और बिजली तारों के झुरमुट को खत्म कर अंडरग्राउंड केबलिंग करने का प्रोजेक्ट अब तक पूरा नहीं हो पाया है।। 7 मार्ग में से केवल मालवीय रोड मार्ग ही बिजली के तारों के मकड़जाल से मुक्त हो पाया। स्मार्ट सिटी ने यहां अंडरग्राउंड केबलिंग का कार्य पूरा कर लिया है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत मालवीय रोड के 600 मीटर लंबे मार्ग से 11 केवी एचटी लाइन की अंडरग्राउंड केबलिंग की गई है। इसके अलावा जयस्तंभ चौक से फाफाडीह, कोतवाली से बूढ़ापारा बिजली आफिस चौक, महिला थाना से बिजली आफिस चौक और बूढ़ेश्वर मंदिर चौक से लाखेनगर तथा लाखेनगर से आमापारा चौक की सड़क में हाउस होल्ड कनेक्शन देने एवं बिजली पोल को सड़क से हटाने का काम पूरा नहीं हो पाया है।

राजधानी के 7 स्थानों की सड़कों पर अंडरग्राउंड केबलिंग कर बिजली तारों के गुच्छों से शहरवासियों को छुटकारा दिलाने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 3 साल पहले टाटा कंसल्टेंसी से सर्वे कराकर बिजली तार और केबल को भूमिगत करने प्लान तैयार किया। सूत्रों के मुताबिक 3 साल पहले इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू होना था, पर शुरुआत के 2 साल तक रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और बिजली कंपनी के बीच तकनीकी विवाद चलता रहा। पहले रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने इस काम के लिए बिजली कंपनी को अधिकृत करते हुए पूरा प्रोजेक्ट उनके हवाले कर दिया। स्मार्ट सिटी ने इसके लिए 37 करोड़ दिए। काफी दिनों तक बिजली कंपनी इस कार्य का टेंडर जारी नहीं कर पाई। बाद में रायपुर स्मार्ट सिटी ने संबंधित रकम वापस लेते हुए खुद ही 7 सड़कों के अंडरग्राउंड केबल प्रोजेक्ट का टेंडर किया और इस काम के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई।

### बूढ़ेश्वर चौक से लाखेनगर चौक तक हाउस होल्ड कनेक्शन, पोल हटाने का काम बाकी

- 37 करोड़ का प्रोजेक्ट
- मालवीय रोड के 600 मीटर लंबे मार्ग से 11 केवी एचटी लाइन की अंडरग्राउंड केबलिंग की गई



### 4 चरण में चल रहा काम

रायपुर स्मार्ट सिटी 7 प्रमुख सड़कों को स्मार्ट रोड बनाने 4 चरण में काम किया जा रहा है। इसमें से सभी चयनित सड़कों पर अनुबंधित एजेंसी ने डक्ट बनाने का काम पूरा कर लिया गया है और केबल को भूमिगत किया गया है। कुछ तकनीकी काम अभी भी बाकी है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, सप्लाई लाइन चेंज करने और स्ट्रीट पोल को सड़क से हटाकर बिजली तार को भूमिगत करने का काम बाकी है। आमापारा से लाखेनगर मार्ग पर स्ट्रीट लाइट अस्थायी रूप से चालू की गई है। जयस्तंभ चौक से फाफाडीह चौक पर फाउंडेशन वर्क पर काम चल रहा है। बिजली विभाग अब सदरबाजार, गोलबाजार, बैजनाथ पारा में स्ट्रीट लाइट लगाने का काम शुरू करेगी। इसी तरह बूढ़ापारा से लाखेनगर चौक तक फाउंडेशन का काम अनुबंधित एजेंसी ने पूरा कर लिया है। जबकि अंडरग्राउंड केबलिंग का काम इन दिनों चल रहा है।

### जून से पहले काम पूरा करने मियाद

7 प्रमुख मार्गों पर चल रहे अंडरग्राउंड केबलिंग प्रोजेक्ट के बकाया काम को जून माह से पहले पूरा करने अनुबंधित ठेकेदार को मोहलत दी है। विभागीय अधिकारियों को मॉनिटरिंग तेज करने निर्देशित किया है।
- **अबिनाश मिश्रा,** एमडी रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

## नालों की सफाई में जुटा नगर निगम का अमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में बारिश पूर्व नालों की सफाई में नगर निगम का अमला जुट गया है। इसके लिए प्रत्येक जोन में 25 सफाई कर्मचारियों की टीम बनाई गई है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जोनवार नाले-नालियों की सफाई कराई जा रही है। इसके लिए पोकलेन मशीन भी मदद ली जा रही है। बारिश के दिनों में शहर के नाले-नालियों को जाम होने बचाने नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए सभी 10 जोन के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ ही जोन कमिश्नरों को भी जिम्मेदारी दी गई है। देवेंद्र नगर नाले में सफाई के लिए पोकलेन उतारी गई। इसी तरह नारायणा हास्पिटल के पीछे स्थित बड़े नाले की भी सफाई की जा रही है। जोन-3 क्षेत्र की जोन कमिश्नर प्रीति सिंह ने नाले की सफाई का निरीक्षण किया। इधर रामनगर नाले की सफाई भी लगातार जारी है। जोन के चिंगरीनाला की सफाई की जा रही है। शहरभर में छोटे और बड़े मिलाकर करीब 50 नाले अलग-अलग क्षेत्र में स्थित हैं। निगम कमिश्नर श्री मिश्रा ने बताया कि नालों में कचरे के कारण जलभराव की स्थिति आ जाती है, इससे निपटने लगातार सफाई के उन्होंने निर्देश दिए हैं।

- पोकलेन मशीन की ले रहे मदद

## ट्रेन में सीट कब्जाने की शिकायतें तेज, हर दिन विवाद, अब आरपीएफ लेगी एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



गर्मी के साथ ही ट्रेनों में भीड़ भी लगातार बढ़ती जा रही है, जिसके कारण अब हर दिन ट्रेन में सीट कब्जाने की शिकायतें मिल रही हैं। डीआरएम और रेलवे बोर्ड को यात्री ट्वीट कर अपनी परेशानी बता रहे हैं। यात्रियों की बढ़ती शिकायतों को ध्यान में रखते हुए अब रेलवे बोर्ड से डीआईजी समन्वय एसएस सुनील ने सभी मुख्य सुरक्षा आयुक्त को ये आदेश दिया है कि ट्रेनों के रिजर्व सीट पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई के लिए चेकिंग स्टाफ की तुरंत मदद रेलवे सुरक्षा बल करेगा। बीते दिनों एक महिला द्वारा सीट कब्जा करने का वीडियो देशभर में वायरल हुआ है। ऐसी शिकायत रेलवे को सभी जोन से मिल रही थी। भीड़ के वजह से यात्री रात में अपनी सीट पर ठीक से सो नहीं पा रहे थे। दिन में भी वेटिंग यात्री रिजर्व सीट पर बैठने जाते हैं। रेलवे की इस पहल से यात्रियों को राहत मिलेगी।

- ट्रेनों की रिजर्व सीट पर कब्जा करने वालों पर रेलवे सुरक्षा बल चेकिंग स्टाफ की करेगा मदद

### कार्रवाई के लिए करनी होगी मदद

रेलवे अधिनियम के मौजूद नियमों के अनुसार टिकट चेकिंग व अतिरिक्त शुल्क लगाने की जिम्मेदारी टिकट चेकिंग स्टाफ की है। आरपीएफ को नियमों के दायरे में रहकर अपने दायित्वों का तुरंत निर्वहन करना है। जब भी वाणिज्यिक विभाग व टिकट चेकिंग स्टाफ सीटों पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई के लिए रेलवे सुरक्षा बल की मदद मांग करेगा तो तुरंत उन्हें मदद करनी है। राजकीय रेल पुलिस से भी ऐसी ही उम्मीद है। बेहतर समन्वय से ही अच्छी व्यवस्था दी जा सकती है।

### अनाधिकृत व्यक्तियों को बताया खतरा

मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने आदेश में कहा है कि अनाधिकृत व्यक्तियों का ट्रेनों में यात्रा करना हमारे यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे की व्यवस्था के लिए खतरा है। यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का प्रबंध करना बेहद जरूरी है। ऐसे में वाणिज्यिक विभाग व आरपीएफ के बीच मजबूत समन्वय का होना बेहद जरूरी है।


## नई बसाहट में हजार स्ट्रीट लाइट और खंबे की डिमांड, मिले सिर्फ 250, छाया अंधेरा

- बिरगांव निगम को 40 वार्डों के लिए तीन सौ लाइट्स भी नहीं मिली, इसलिए ऐसा हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

औद्योगिक क्षेत्र से घिरे बिरगांव नगर निगम के वार्डों में जरूरी सुविधाओं का अभी भी अभाव है। निगम का दर्जा मिलने के 9 साल बाद भी जिम्मेदार नई बसाहट के बीच स्ट्रीट लाइट की सुविधा देने में नाकाम हैं। इससे रावांभाठा और उरकुरा वार्ड के मुख्य मार्गों व सपोर्टिंग सड़कों से रात में ड्यूटी से आने-जाने वाले लोगों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे हालात इस कारण बन रहे हैं, क्योंकि करीब तीन सौ लाइटें नहीं मिली हैं। वहीं एक हजार खंबे की जरूरत होने के बावजूद सिर्फ 250 खंबे के लिए सिर्फ मंजूरी मिल पाई है।

राजधानी में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत नई-नई योजनाओं पर काम चल रहा है। वहीं इससे सटे बिरगांव निगम के मुख्य मार्गों की खराब लाइटों को भी जिम्मेदार रिपेयर कराने में नाकाम हैं। करीब चार महीने से लाइट विहीन 139 स्पॉट पर लगे खंबों में अभी तक लाइटें नहीं लग पाई हैं। इस तरह की स्थिति ट्रांसपोर्ट नगर से रावांभाठा जाने वाले मार्ग पर है। यहां सड़क निर्माण तो करा दिया गया, लेकिन लाइटों का अभाव होने से रात में उपद्रवी तत्व राहगीरों से लूटपाट करते हैं। ट्रांसपोर्ट कर्मी मनीष पांडेय और प्रकाश पटेल ने बताया कि आए दिन ट्रक चालक व ड्यूटी से आने-जाने वाले लोग नशेड़ियों के शिकार बनते हैं। बंजारी नगर से सामुदायिक अस्पताल के बीच स्ट्रीट लाइटों के लिए अभी खंबे नहीं लगे हैं। इससे सड़क किनारे रात में नशेड़ियों का जमघट भी लगता है, चूंकि इस रास्ते पर ही शराब दुकान है।





### एजेंसी को दिए निर्देश

खराब लाइट सुधारने शासन द्वारा तय एजेंसी को निर्देश दिए हैं। अभी 250 स्ट्रीट लाइट पोल के लिए मंजूरी मिली है, इसके लिए बिजली कंपनी से चर्चा की जाएगी। सुविधा देने बिजली पोल के लिए दोबारा प्रस्ताव भेजा जाएगा।
- **नंदलाल देवांगन,** महापौर, ननि बिरगांव

### सिर्फ 9 हजार स्ट्रीट लाइट पोल

सूत्रों ने बताया कि 40 वार्डों में अभी तक निगम के बिजली विभाग ने करीब 9 हजार स्ट्रीट लाइट पोल लगाए हैं। इनमें 139 स्पाट पर लगे खंबों में लाइट ही नहीं लगाई गई है। इसके लिए जिम्मेदारों ने केंद्रीय एजेंसी से कई बार मांग की, लेकिन आपूर्ति नहीं की गई है। साथ ही 160 से ज्यादा खराब लाइटें अभी तक रिपेयर करके नहीं मिली हैं। इससे करीब 8700 खंबों पर ही लाइटें हैं। इनमें कार्बन की समस्या के चलते सुधार में विलंब होता है, चूंकि निगम के पास संसाधन का भी अभाव है।

### खंबे लगाने में विलंब

मुख्यमंत्री विद्युतीकरण योजना के तहत रावांभाठा, ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र, निमोरा मार्ग समेत उरकुरा में नई बसाहट के बीच सड़क व स्ट्रीट लाइट खंबों का अभाव है। इसे देखते हुए करीब एक हजार नए स्ट्रीट लाइट पोल की जरुरत तीन साल बनी हुई है। पहले इसे शासन को भेजने में विलंब किया गया, 2023 में प्रस्ताव भेजा गया, तो सिर्फ 250 स्ट्रीट लाइट पोल की मंजूरी ही मिली। इसके लिए वर्कआर्डर की प्रक्रिया में विलंब के चलते अभी तक लगाने का प्रोसेस शुरू नहीं हो पाया है।

## बाघ की निगरानी के लिए एनजीओ के साथ वन अफसरों की टीम तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


बाघ की आमद से सिरपुर में सन्नाटा
दिन-रात मुनादी, शिकार देख दहशत

महासमुंद के रास्ते बलौदाबाजार वनमंडल पहुंचे प्रवासी युवा नर बाघ को लेकर वन अफसर अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं कि बाघ राज्य के जंगल में स्थायी रूप से रहे या उसे यहां से जाने दिया जाए। हालांकि बाघ की निगरानी के लिए वन अफसरों की चार से पांच टीमें गठित की गई हैं। साथ ही बाघ की नियमित मॉनिटरिंग के लिए एनजीओ की मदद ली जा रही है। बाघ को लेकर 18 अप्रैल को एक हाईलेवल बैठक भी की जा चुकी है। बैठक में डब्ल्यूआईआई के अलावा एनटीसीए तथा राज्य एवं देश के अलग-अलग राज्यों के एनजीओ बैठक में वर्चुअली शामिल हुए थे।

डेढ़ माह पूर्व महासमुंद वनमंडल के सिरपुर में बाघ आने की पुष्टि होने के बाद वन अफसर बाघ की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही बाघ की मॉनिटरिंग करने बलौदाबाजार वनमंडल के जिस वन विकास निगम के क्षेत्र में बाघ विचरण कर रहा है। उस इलाके को सेनेटाइज करने के साथ एनजीओ बाघ को शिकारियों से बचाने एनजीओ द्वारा एंटी स्नेयर वाक अभियान चलाकर जंगल में शिकारियों द्वारा शिकार करने गए लगाए गए जाल का पता लगाने तथा क्षेत्र को शिकारियों के जाल से मुक्त करने का काम कर रहे हैं।

- बाघ की सुरक्षा की खातिर वन अफसर मुख्यालय के संपर्क में


### एक दिन सर्वाधिक तापमान 42.8, सबसे कम 24.7 तक उतरा

# बदली-बारिश के बीच अप्रैल में कम रही गर्मी, 12 दिन 40 डिग्री के पार हुआ पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी के मामले में परेशानी का सबब बनने वाला अप्रैल इस बार लगातार बादल-बारिश की वजह से लोगों को बिना असहज किए बीत गया। महीने में केवल 12 दिन ही लोगों को 40 डिग्री से अधिक तापमान में गर्मी सहनी पड़ी। एक दिन तापमान 43 डिग्री के करीब पहुंचा और एक दिन रिकार्डतोड़ गिरावट के साथ 24.7 डिग्री भी दर्ज किया गया।

अप्रैल की शुरुआत 40 डिग्री के तापमान के साथ हुई थी, इस दौरान यह माना जा रहा रहा था कि गर्मी काफी हलाकान करेगी। अनुमान के विपरीत लगातार एक्टिव होने वाले पश्चिमी विक्षोभ के बीच महीना उतार-चढ़ाव में ही गुजर गया। अब अनुमान लगाया जा रहा है कि मई के शुरुआती दिनों में धूप अपना असर दिखाएगी और तेज गर्मी लोगों को हलाकान करेगी। मौसम विभाग के आंकड़ों की माने तो इस महीने रायपुर का तापमान केवल 12 दिन ही 40 डिग्री के पार हुआ, मगर यह 42.8 डिग्री से ऊपर नहीं पहुंच पाया। इसके विपरीत छाने वाले बादल और पांच से सात दिनों तक हुई हल्की से मध्यम वर्षा के प्रभाव 19 दिन राहत के साथ बीतने का अनुमान है। अभी भी विक्षोभ सक्रिय है, जिसकी वजह से तापमान सामान्य से कम रिकार्ड किया जा रहा है।



### अप्रैल में जनवरी का अहसास

महीने के मध्य में विक्षोभ की वजह से तैयार द्रोणिका के प्रभाव से रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों को गर्मी वाले अप्रैल के महीने में जनवरी जैसी ठंड का अहसास होने लगा था। लगातार बारिश के प्रभाव से तापमान काफी नीचे चला गया था और उसका असर दस दिनों तक महसूस किया गया था। इसी दौरान 11 अप्रैल को रायपुर का तापमान 24. 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### ऐसे बीता अप्रैल

1 अप्रैल को 39.2 डिग्री से हुई शुरुआत, 6 अप्रैल को तापमान 41.4 तक पहुंचा। 7 अप्रैल को विक्षोभ के प्रभाव से बादल छाए। बारिश होने के बाद तापमान में गिरावट की शुरुआत, पारा 29.5 तक लुढ़का। करीब 10 दिनों तक बादल-बारिश के बीच मौसम बदला और ठंड का अहसास होने लगा। 16 अप्रैल से मौसम सुधरा और 19 को सर्वाधिक तापमान 42.8 दर्ज किया गया। 22 अप्रैल को छाए बादल से कम हुई गर्मी, 25 से पुनः बढ़ी और 28 को हल्की बारिश के बाद इसमें फिर गिरावट दर्ज की गई।

### सुबह बारिश, दोपहर में पांच डिग्री पारा कम

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव छाए बादल रविवार को राजधानी में सुबह के वक्त कुछ देर के लिए बरस पड़े। इससे मौसम में ठंडक आ गई और दोपहर का तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम होकर 36.2 दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक विक्षोभ का प्रभाव अब खत्म हो चुका है, मगर तापमान के पुनः 40 डिग्री तक पहुंचने में अप्रैल के शेष दिन बीतने की संभावना है।

**खबर संक्षेप**

### होर्डिंग और एडवरटाइजिंग के लिए बनी सहमति



**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत विगत 27 अप्रैल को मतदाता जागरूकता के होर्डिंग के लिए नगर निगम और एडवरटाइजिंग एजेंसी के साथ बैठक ली गई। जिसमें नगर निगम एण्ड एडवरटाइजिंग एजेंसीज ने 1 से 7 मई तक मतदान अपील के होर्डिंग्स लगाने की सहमति दी। साथ ही दोनों के द्वारा सहमति दी गई कि जिन संस्थानों द्वारा मतदान के पश्चात डिस्काउंट दिया जा रहा है। उन्हें उक्त अवधि के लिए मांग पर फ्री में एडवरटाइजिंग स्पेस उपलब्ध कराया जाएगा।

### मतदाताओं की सुविधा का रखा जाएगा ध्यान

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्रीकेश लाठकर द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 66 वैशालीनगर के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदान की अब तक की तैयारियों का जायजा लिया गया। प्रेक्षक द्वारा 07 मतदान केंद्र वाले शासकीय प्राथमिक, पूर्व एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर, 14 मतदान केंद्र वाले शासकीय प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाउसिंग बोर्ड छावनी, 03 मतदान केंद्र वाले नालंदा इंग्लिश मीडियम स्कूल कुरुद, 07 मतदान केंद्र वाले शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक विद्यालय जुनवानी का निरीक्षण कर मतदान की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इन मतदान केंद्रों के बूथ लेवल ऑफिसर से प्रत्येक मतदान में कुल मतदाताओं की जानकारी लिया जाकर उनसे मतदाता सूचना पर्ची की स्थिति की जानकारी लिया गया। उल्लेखनीय है कि दुर्ग लोकसभा चुनाव हेतु नियत मतदान तिथि 07 मई के पूर्व भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं एआरओ वैशाली नगर हरवंश सिंह मिरी के निर्देशन में बूथ लेवल आफिसर के द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची का वितरण किया जा रहा है। प्रेक्षक द्वारा बूथ लेवल ऑफिसर को मतदाता पर्ची वितरण की गति बढ़ाने के निर्देश देते हुए पंचराम सलामे तहसीलदार धमधा एवं एईआरओ 66 वैशाली नगर को 02 दिवस के भीतर मतदाता पर्ची वितरण का कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

# बगैर एनओसी के चल रहीं पत्थर खदानें, मापदंड की उड़ रही धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में पत्थर खदानों के लीज की अवधि समाप्त हो चुकी है, इसके बाद भी अवैध तरीके से पत्थर खदाने संचालित हो रही है। जिसमें मापदंड का जरा भी पालन नहीं किया जा रहा है। पिछले मार्च माह के अंत में जिले में कई खदानों की लीज अवधि समाप्त हो चुकी है। इसके बाद पर्यावरण विभाग से अनुमति नहीं ली गई है।

जानकारी अनुसार जिले में 35 से अधिक खदाने अवैध तरीके से संचालित हो रही है, पूर्व में जिले के खनिज विभाग की अनुशंसा के बाद पहले इन खदानों को डिस्ट्रिक्ट इन्वायरमेंट इम्पैक्ट एसेसमेंट अथॉरिटी द्वारा पर्यावरणीय एनओसी दे दी जाती थी। लेकिन अब इसमें लगातार मनमानी की शिकायत सामने आने के बाद अब डिस्ट्रिक्ट इन्वायरमेंट इम्पैक्ट एमेजमेंट अथॉरिटी के एनओसी की जगह स्टेट इन्वायरमेंट इम्पैक्ट एसेसमेंट से अनुमति लेना अनिवार्य किया गया है।

जिसे के सबसे बड़े खदान क्षेत्र सेलूद व आसपास के गांवों में 40 से 45 सीटे बड़े खदाने हैं। सूत्रों ने बताया कि, सिर्फ आधा दर्जन खदान के लिए स्टेट अथॉरिटी से अनुमति ली गई है। बाकी खदानें अवैध रूप से संचालित हो रही है।

## पर्यावरण विभाग ने लगा रखी है रोक, फिर भी हो रही ब्लास्टिंग

**खास बातें**

- खनिज विभाग और खदान संचालको की मिलीभगत
- बगैर मॉनिटरिंग के रोजाना सैकड़ो ट्रैक्टर हो रहे पार
- पर्यावरण विभाग की अनुमति नहीं, जान जोखिम में डाल रहे खदान माफिया

### मंजूरी के बिना बेखौफ चल रहे दर्जनों पत्थर खदान

चुनाव के आड़ में जिले में पत्थर खदानों में नियमों की अनदेखी का बड़ा खेल चल रहा है। दरअसल पत्थर खदानों के संचालन के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेशों के अनुरूप स्टेट इन्वायरमेंट इम्पैक्ट एसेसमेंट अथॉरिटी की मंजूरी होना जरूरी है। जिले के अधिकतर खदानों को इसकी मंजूरी नहीं, इसके बाद भी बेरोकटोक पत्थरों की खुदाई किया जा रहा है। दूसरी ओर खनिज विभाग के अफसर चुनावों का हवाला देकर कार्रवाई से बच रहे हैं।



### इन मापदंडों का पालन नहीं

पत्थर खदानों के लिए राज्य शासन द्वारा निर्धारित मापदंड है, केशर चलाने हेतु उसका पालन नहीं किया जा रहा है और अपनी मर्जी से लोगों की जान जोखिम में डालकर अवैध संचालन किया जा रहा है तथा निर्धारित मानदंड का पालन नहीं किया जा रहा है। जैसे कि, केशर मशीन को ढककर रखा जाता है ताकि धूल न उडे, कन्वेयर बेल्ट में पानी का छिंडकाव किया जाता है, जिससे ऑख में धूल नही आती है। उक्त केशर मशीन की आवाज भी इतनी तेज हो गयी है, जिससे ध्वनि प्रदूषण भी हो रहा है। धूल-मिटटी, गर्दा इतना उडता है कि, कई मोटर सायकल वाले दुर्घटनाग्रस्त हो चुके है, क्योकि रास्ता दिखायी ही नही देता और उक्त केशर मशीन रोड किनारे संचालित हो रहे हैं। ज्यादातर सेलूद इलाके में इस तरह की शिकायतें मिल रही है।

**महंगाई की आग:** दाल के दाम बढ़ने से गृहणियों का बिगड़ा बजट

# नहीं गल रही दाल, अरहर की कीमत दो सौ रुपए पर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अरहर दाल की कीमत इन दिनों अचानक उछाल पर है। कुछ दिन पहले 140 रूपए में बिकने वाला अरहर दाल इन दिनों थोक में 165 और चिल्हर में 190-200 रूपए तक पहुंच गया है। अचानक बढे इस दाम के कारण दाल गलना मुश्किल हो गया है।

हालत यह है कि, पखवाड़ेभर में ही 140 से 165 रुपए किलो बिक रही अरहर की दाल अब चिल्हर में दो सौ तक पहुंचने से लोगों के पसीने छूटने लगे है। दरअसल जिले सहित प्रदेश की बाजार और दाल मिलें 80 फीसदी विदेशी आयात पर निर्भर है। वहीं बारिश व दूसरे प्राकृतिक आपदाओं के कारण भारत सहित पूरी दुनिया में इस बार अरहर की फसल प्रभावित रही। इसका असर अब लोकल बाजार पर पड़ रहा है।

### अब अफ्रीका के अरहर का इंतजार

अरहर की कमी और दाल की कीमतों में बढ़ोतरी का क्रम नई फसल की आवक तक बरकरार रहने की संभावना है। बताया जा रहा है कि, अगस्त में अफ्रीकी देशों से अरहर की नई फसल की आवक शुरू हो जाती है। इसके बाद स्थानीय बाजार को कुछ राहत मिल सकती है। भारत में अरहर की नई फसल जनवरी में आती है।

## चावल भी पांच रुपए किलो तक महंगा, चौतरफा महंगाई की आग

### चने की दाल और सब्जियों को बनाया विकल्प

अरहर दाल की बढ़ती कीमतों को देखते हुए लोग अब इसकी खरीदारी कम कर रहे हैं। लोकल व्यापारियों के मुताबिक करीब इन दिनों 60 से 70 फीसदी तक अरहर दाल की बिक्री घट गई है। लोग इसकी जगह चने की दाल और टमाटर और ताजी सब्जियों को विकल्प के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। चने की दाल 50 से 60 रुपए किलो मिल रही है।



### होटल में बढ़ सकते हैं दाल के दाम

जिस तरह से अरहर दाल की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, उसे देखने के बाद रेस्टोरेंट और होटल में भी दाल के दाम बढ़ सकते हैं। व्यापारियों का कहना है कि, अगर अरहर दाल की कीमतों में लगाम नहीं लगी तो इसी तरह दाम बढ़ते रहेगे। वही आने वाले समय में होटल और रेस्टोरेंट में भी दाल की कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

### विदेशी आयात पर अरहर

जिले में अरहर की खेती नहीं के बराबर होती है। कवर्धा को छोड़कर सभी पड़ोसी जिलों का भी लगभग यही हाल है। इसके चलते अरहर दाल के मामले में जिले सहित प्रदेश के अधिकतर बाजार बाहरी आवक पर निर्भर रहता है। व्यापारियों की मानें तो 80 फीसदी अरहर की आवक विदेशों से होती है। विदेशी अरहर को मंगाकर स्थानीय स्तर पर मिलिंग करते हैं। करीब 20 फीसदी दाल की पूर्ति स्थानीय व अन्य प्रदेशों के आवक से हो पाती है। सामान्य स्थिति में महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से दाल की आवक जिले में होती है, लेकिन विदेशी आवक नहीं के बराबर होने से वहां भी संकट की स्थिति है। ऐसे में डिमांड के अनुरूप बाजार में अरहर दाल नहीं आ रही है। व्यापारियों के पास भी स्टॉक बेहद कम हो गया है।

### महंगाई से आम जनता परेशान

हर दिन खरीदी जाने वाली चीजें जब महंगी होती जाएंगी तो लोगों का गुजारा कैसे होगा। दाल-रोटी ही महंगी हो जाएगी तो लोग क्या खाएंगे। ऐसे में आम जनता के बीच हा-हाकार मचना तय है। पिछले कुछ सालों से दाल के दामों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है और जिस तरह से अरहर दाल के दाम में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, उसने आम लोगों को मुश्किल में डाल दिया है। खासकर शाकाहारी लोगों की मुश्किलें तो और भी बढ़ गई हैं, क्योंकि अरहर दाल शाकाहारी लोगों के लिए प्रोटीन हासिल करने का प्रमुख सोर्स है.

### ऐसे समझें दाल के बढ़ते दाम

इंदिरा मार्केट के थोक व्यापारी दीपक जैन ने बताया कि, अचानक सप्ताहभर के अंदर दाल के दाम में तेजी जरूर आई है। थोक बाजार में सप्ताहभर पहले अरहर 140 से 165 में बिक रहा है। वही उडद सौ रूपए से 115 और मूंग दाल 110 से 115 किलो पर आ गया है। इसी तरह चना 70-80 रूपए हो गया है। वही मसूर के दाम पहले जैसे 75 रूपए पर ही है। यह थोक के रेट है। जबकि चिल्हर में अरहर 190-200 किलो में बिक रहा है। यह सिर्फ अरहर नही बल्कि सभी दाल की कीमत चिल्हर में बेलगाम है।

## समाज सेवा में हमेशा तत्पर होता है व्यापारी वर्ग- गजेंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भाजपा के आर्थिक, व्यापार एवं व्यवसाय प्रकोष्ठ के साथ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोग देने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया गया। व्यापारी सम्मान समारोह में दुर्ग शहर और दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के व्यापारियों का सम्मान विधायक गजेंद्र यादव और ललित चंद्राकर ने किया।

- विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मेलन

विधायक गजेंद्र यादव ने कहा की व्यापारी वर्ग हमेशा समाज सेवा के लिए तत्पर रहते है इनका सम्मान करना हमारे लिए सौभाग्य है। समाज में श्रेष्ठ करने वाले ही सेठ शब्द से सम्बोधित होते है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी व्यापारी वर्ग को सम्मान देते हुए विश्वकर्मा योजना प्रारम्भ कर छोटे छोटे कारीगर को ऋण व प्रशिक्षण प्रदान कर उनके व्यापार को बढ़ावा दिये है। कार्यक्रम को सफल बनाने भाजपा के आर्थिक, व्यापार एवं व्यवसाय प्रकोष्ठ के साथ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने प्रत्येक व्यापारी से संपर्क कर आमंत्रण कार्ड बाँटे थे। इस दौरान दुर्ग लोक सभा चुनाव प्रभारी राजीव अग्रवाल, अजय भसीन, कार्यक्रम प्रभारी,अनूप गटागत, प्रकाश सांखला, कार्यक्रम सह प्रभारी अशोक राठी, केदार गुप्ता, विनायक नातू, संतोष सोनी, सुनील मिश्रा ,पवन बड़जात्या, भागवत सोनी, प्रणय महेश्वरी,सजल जैन, ओम प्रकाश सिंह, जवाहर जैन, आनद अग्रवाल, दिनेश मरोटी, सुरजीत सिंह, आनंद गौतम, संजय बघेल उपस्थित रहे।

### स्वनिधि से दुकानदार हो रहे लाभान्वित

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि छोटे हो या बड़े व्यापारी सभी देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसलिए व्यापारियों का सम्मान जरूरी है। पीएम स्वनिधि योजना से छोटे दुकानदार लाभान्वित हो रहे है। कार्यक्रम के प्रभारी शिव चंद्राकर ने बताया कि हर विधानसभा क्षेत्र में इस प्रकार का आयोजन किया जा रहा है। अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाले व्यापारीयों का भाजपा सम्मान कर रही है। इससे उनका हौसला बढ़ेगा।

**पेज 9 के शेष...**

### घर-घर लगा...

जा चुका है। लेकिन, कई बोर सूखे पड़े हैं, तो कई में लाल पानी की समस्या बनी हुई है। इसके कारण लोग उनका भी उपयोग करने पर मजबूर हैं। बड़भूम के ग्रामीण रामाधार कुंजाम ने बताया कि गाँव में अनेक बोर का खनन किया जा चुका है लेकिन पानी कि समस्या से ग्रामीणों को राहत नहीं मिल पा रही है, क्योंकि अधिकांश बोर में आयरन युक्त लाल पानी है और कुछ सूखे पड़े हैं। इसके कारण ग्रामीणों को पानी के लिए जूझना पड़ता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सिर्फ एक सार्वजनिक बोर के माध्यम से पानी मिल पा रहा है और बाकी सभी बोर बंद हैं। सीमा कुंजाम ने बताया कि पानी के लिए सुबह और शाम ग्रामीणों की भीड़ लगी रहती है। लोग पानी ले जाने के लिए सायकल और कांवड़ का सहारा लेने को मजबूर हैं। वहीं, नल-जल का कनेक्शन प्रत्येक घरों में लगाया जा चुका है, लेकिन पानी टंकी नहीं बनने के कारण घरों में पानी नहीं मिल रहा है। वहीं, पानी टंकी तीन वर्षों से निर्माणाधीन हालात में पड़ा हुआ है, जिस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

**जंगली भेजा में वाटर लेवल डाउन, निजी बोर का सहारा-** आश्रित ग्राम जंगली भेजा में विकराल जल संकट है। पंचायत का सार्वजनिक बोर का वाटर लेवल नीचे चला गया है, जिसके कारण ग्रामीण निजी बोर के माध्यम से पानी की पूर्ति कर जीवन यापन करने को मजबूर हैं। इस आश्रित ग्राम में लगभग 300 से ज्यादा की जनसंख्या निवासरत है। पूर्व सरपंच हिड़को ने बताया कि गाँव में अनेक बोर वाटर लेवल नीचे जाने के कारण बंद पड़ गए हैं। वर्तमान में ग्रामीण निजी बोर से पानी मांग कर पानी की कमी को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं।

### नगर के वार्ड...

जिससे गंदगी बढ़ती है और नाली जाम हो जाती है। नागरिकों ने बताया कि यहाँ की सड़कों का निर्माण कार्य को रोक दिया गया है, जिसे अब तक शुरू नहीं किया गया है।

**पार्षद को कई बार बता चुके समस्या-** ग्रामीणों का कहना है कि वार्ड की इन सभी समस्याओं के संबंध में वार्ड पार्षद को कई बार बताया जा चुका है और उनके समाधान का आग्रह किया जा रहा है, लेकिन काम को आज-कल पर टाला जा रहा है। इससे तंग आकर वार्डवासी नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा है। इसके साथ ही दो दिन में कार्य न होने पर आगे कड़े कदम उठाने की चेतावनी भी दी गई है। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने वार्ड की समस्या को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## 85 प्लस एवं दिव्यांग मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आज जिले में सभी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 85 प्लस बुजुर्ग और दिव्यांग चिन्हित मतदाताओं को मतदान कराने मतदान दल उनके घर पहुंचे। दल के सदस्यों ने मतदान की पूरी प्रक्रिया सम्पादित करते हुए मतदान कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 64 दुर्ग शहर के 59 मतदाता में से 57 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किये। बचे 2 मतदाता को 30 अप्रैल को मतदान हेतु अवसर दिया जाएगा। दिव्यांग महिला मतदाता ज्ञानेश्वरी साहू ने अपने सहयोगी के माध्यम से मतदान किया। वही 85 प्लस केएसएल सोरी, घनश्याम सिंग महालवार, विवेक सोनी ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किये। उन्होंने निर्वाचन आयोग के घर बैठे वोटिंग की सुविधा की सराहना की। 85 प्लस एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रथम गृह दौरा था। छूटे मतदाता के लिए 30 अप्रैल 2024 को दल का द्वितीय गृह दौरा होगा।



# कार्यकर्ताओं ने महतारी वंदन के लाभार्थियों के घर दी दस्तक, भाजपा के लिए मांगा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने महिला मोर्चा भी अब मैदान में उतर गई है और पूरे लोकसभा क्षेत्र के सभी मंडलों में डोर टू डोर जाकर मोदी सरकार की योजनाओं से लेकर राज्य की विष्णु देव सरकार की महत्वकांक्षी महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों के घर-घर दस्तक दे रही है।

- महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने गिनाई उपलब्धि

इसी क्रम में आज सिकोला भाटा पटरी पार मंडल महिला मोर्चा द्वारा वार्ड क्रमांक 17 औद्योगिक नगर वार्ड के शांति नगर तथा वार्ड 18 शक्तिनगर क्षेत्र में महिला मोर्चा अध्यक्ष मौसमी ताम्रकार के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओ ने महतारी वंदन योजना की लाभार्थी,उज्ज्वला योजना प्रधानमंत्री आवास,स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत शौचालय,आयुष्मान,मातृत्व योजना जैसे योजनाओ के लाभार्थी महिलाओं से संपर्क कर देश में फिर से मोदी सरकार बनाने दुर्ग लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को जीताने कमल खिलाने की अपील किया गया इस दौरान लाभार्थी महिलाओ ने कहा कि वे सभी नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनाने संकल्पित है और वे सभी अपने अपने स्तर पर प्रचार भी कर रही है।

उल्लेखनीय है कि कल लोकसभा प्रभारी चंदूलाल साहू व सह प्रभारी राजीव अग्रवाल ने दुर्ग भिलाई संगठन जिला महिला मोर्चा अध्यक्षों की बैठक लेकर जिला व मंडल अध्यक्षों को महिला लाभार्थियों के घर डोर टू डोर जाने के निर्देश दिए थे जिसके तहत आज विभिन्न मंडलों में महिला मोर्चा कार्यकर्ता घर घर दस्तक देने अभियान की शुरुआत की है। जिसके अंतर्गत शक्ति नगर क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए सिकोला भाटा पटरी पार महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मौसमी ताम्रकार ने कहा कि पूरे मंडल के अंतर्गत क्षेत्र में यहां कि महिलाएं चुनाव को लेकर काफी उत्साहित है और वह सभी मतदान तिथि की प्रतीक्षारत है ताकि महिलाओं का सम्मान स्थापित करने वाले देश की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को के लिए अपना मतदान कर उन्हे अपना और परिवार का आशीर्वाद प्रदान कर सके। आज लाभार्थी संपर्क अभियान में प्रमुख अंजू तिवारी महिला मोर्चा मण्डल महामन्त्री सुरुचि उमरे उपाध्यक्ष रोशनी देवांगन मंत्री उषा निर्मलकर के आलावा प्रधानमंत्री आवास योजना लाभर्थी सुलोचना यादव फलिता साहू महतारी वंदना योजना पुष्पा देवांगन बुध कुवर बिंदु ताम्रकार भी जनसंपर्क में उपस्थित रही।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ◆ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ◆ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ◆ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ◆ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### बघमरा स्कूल में वार्षिक के परीक्षा परिणाम घोषित

**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला बघमरा में वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। यह पहला अवसर है जिसमें नवाचार करते हुए प्रत्येक कक्षा में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए टिफ़िन डिब्बा प्रदान करने के साथ ही उन्हें मिठाई खिलाई गई। इस अवसर पर शाला समिति के अध्यक्ष सरोज सिंह, उपाध्यक्ष आरती देवांगन, शिक्षविद जयराम साहू एवं प्रतिष्ठित नागरिक ओम प्रकाश साहू, धर्मेंद्र पटेल, मिथिला देवांगन, प्रवीण निषाद उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधान पाठक तिजऊ राम सोनकर, संकुल समन्वयक लोमश साहू, सहायक शिक्षक शीतल योगी, प्रीति राजपूत एवं यामिनी यादव उपस्थित थे।

### पीएम के विकसित भारत संकल्प का किया समर्थन

**भिलाई।** सर्व समाज समन्वय महासभा छग के भिलाई कार्यकर्ता द्वारा सामाजिक लोकतांत्रिक बैठक संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य प्रांतवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद एवं जातिवाव से हटकर एकता, सद्भाव एवं समानता के माध्यम से राष्ट्रवाद का समर्थन करते हुए पीएम के विकसित भारत के संकल्प का समर्थन करना था। बैठक में उपस्थित भिलाई में निवासरत केरल, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश आदि छत्तीसगढ़ के कुर्मी, साहू, सतनामी, देवांगन, गढ़ा, अघरिया, सोनी, सिंधी, ब्राह्मण, कलार, मरार, आदिवासी, पवार, यादव, कोलता के अध्यक्ष ने सहमति दी। भाजपा के प्रांतीय संगठन के रूपनारायण सिन्हा प्रांत संगठन संयोजक, गोपाल ताओरी, पूर्व संयोजक आर्थिक मोर्चा, रघुनाथ मिश्रा, संगठन प्रमुख, योगेन्द्र सिंह जिला संगठन संयोजक दुर्ग, संत श्री देवकर साहेब सोनपैरी आश्रम, डॉ किशोर सिन्हा प्रदेश कार्य समिति सदस्य उपस्थित थे।

### शो रुम में लगी आग

**भिलाई।** इलेक्ट्रिक वाहनों की सर्विसिंग करने वाली गैरेज में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। हादसे में कई वाहन जलकर खाक हो गए। जिस दुकान में आग लगी उस दुकान से इलेक्ट्रिक वाहनों को बेचा जाता है। दुकान में वाहनों गाड़ियों की सर्विसिंग भी की जाती है। मिली जानकारी के मुताबिक छावनी थाना क्षेत्र में स्थित स्कूटी के एक शो रुम में आग लग जाने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। दुकान से धुंआ उठता देख लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल मौके पर पहुचती तब तक कई वाहन आग के हवाले हो चुके थे। देर रात दुकान को बंद कर दुकान मालिक चंदन गुप्ता अपने घर चला गया। दुकान में आग लगने की खबर फोन से मिली। रविवार को दुकान बंद रहता है लिहाजा सभी घर पर ही थे। तुरंत दुकान पहुचा तब तक फायर ब्रिगेड की वाहन मौके पर पहुची थी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दुकान में रखी 8 नई स्कूटियां जलकर खाक हो गई। आगजनी की घटना में करीब 20 लाख रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है। पीड़ित के मुताबिक दुकान के सारे बिजली स्वीच बंद कर घर गया था। लेकिन आग लगने का कारण अज्ञात है।

## निधन

### वीरेंद्र चौधरी

**दल्लीराजहरा।** बीएसपी राजहरा माइंस से सेवानिवृत्त व स्थानीय ब्राह्मण समाज के संस्थापक सदस्य स्व. पं.सीताराम चौधरी के पुत्र वीरेंद्र चौधरी (54 वर्ष) का 28 अप्रैल को निधन हो गया। वे अरविंद चौधरी (चुन्नी) व सुरेन्द्र चौधरी (नंदू) के भाई, रंजना चौधरी के पति व आयुष एवं शैल चौधरी के पिता तथा आदित्य चौधरी के चाचा थे। उनका अंतिम संस्कार चिखलाकसा स्थित मुक्तिधाम में किया गया।



# घर-घर कचरा संग्रहण कर नगर व गांव का मान बढ़ा रहीं स्वच्छाग्रही समूह की दीदियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

इन दिनों वैवाहिक कार्यक्रमों का दौर चल रहा है। बराती-घराती व अन्य मेहमान गांव में पहुँचते हैं तो गांव की स्वच्छाग्रही समूह घर-घर में बने शौचालय व सामुदायिक शौचालय का उपयोग करने के लिए उन्हें प्रेरित करती है। जब से स्वच्छ भारत मिशन से जुड़कर महिला समूह स्वच्छाग्रही के रूप में कार्य कर रही हैं, तब से गांव की सूरत बदल गई है। पहले गांव की गलियों में कूड़ा करकट का अंबार लगा रहता था। बरसात के दिनों में लोग रोड किनारे ही शौच कर देते थे, जिसके कारण उस रोड से गुजरना मुश्किल हो जाता था, लेकिन, अब गांव-गांव स्वच्छ भारत मिशन का व्यापक प्रचार-प्रसार के कारण व स्वच्छाग्रहियों द्वारा कचरा संग्रहण का कार्य पूरे लगन के साथ करने से तथा ग्रामीणों की जागरूकता से गांव का कोना-कोना साफ सुथरा दिखने लगा है। डौंडीलोहारा विकासखण्ड में स्वच्छता की अलख जगाने वाले स्वच्छ भारत मिशन के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने स्वच्छा ग्रहियों को एक परिवार की तरह एकता के सूत्र में बांध कर रखा है जिससे स्वच्छ भारत मिशन का यह अभियान सफलता के पायदान पर है।

**ट्रायसिकल से डोर टू डोर कचरा संग्रहण-** यह अभियान यहीं नहीं रुका, बल्कि एक कदम और आगे बढ़कर कचरा संग्रहण की शुरुआत हुई। महिला समूह ने ट्रायसिकल से डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य करना शुरू किया। यहां भी चुनौती भरा सफर रहा। लोगों में तरह तरह की चर्चा होना शुरू हो गया। अब कचरा संग्रहण का राशि देना पड़ेगा तो कुछ लोग अपने घरों से कचरा देने में आनाकानी करने लगे। परंतु महिला समूह ने हार नहीं मानी और अपने अभियान को जारी रखा। ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव पारित किया जिसे ग्राम सभा ने अनुमोदित कर स्वच्छाग्रही महिला समूहों का मनोबल बढ़ाया।

## लोगों को स्वच्छता अपनाने कर रहीं प्रेरित



### खुले में शौच जाने से मिली मुक्ति



अब घर-घर शौचालय का निर्माण हो जाने व गांव-गांव में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण हो जाने से लोगों को खुले में शौच जाने से मुक्ति मिल गई है। व्यवहार परिवर्तन की दिशा में कार्य करना कितना मुश्किल भरा होता है? आप सभी जानते हैं। इस चुनौती को स्वीकार कर स्वच्छा ग्रहियों ने हाथ में रजिस्टर व टॉर्च लेकर , सिर में टोपी पहनकर सिटी बजाते हुए गांव के गलियों में पहरा देते हुए खुले में शौच जाने वाले स्थानों में चहलकदमी करते हुए पहुंच जाते थे। रोज रोज की झंझट से मुक्ति पाने घर में बने शौचालय का शत-प्रतिशत उपयोग होना शुरू हो गया।

## समस्या : बढ़ी कीमतों ने बढ़ाई गृहिणियों की समस्या, बिगड़ रहा बजट

# सब्जी फसलों को झुलसाने लगी बढ़ती गर्मी, आवक कम होने से कीमतें बढ़ीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

- उपज कम होने के कारण बाजार में हरी सब्जी हुई महंगी

नगर के सब्जी बाजार में हरी सब्जियों के दर काफी बढ़ गए हैं। भीषण गर्मी, तेज तापमान की वजह से हरी सब्जियों की आवक कम हो गई है और दर बढ़ गए हैं। बढ़ते तापमान से सब्जी की उपज पर असर पड़ता दिख रहा है। इस वजह से हरी सब्जियां महंगी हो गई हैं। तेज धूप में सब्जी की फसलें झुलसकर बर्बाद हो रही हैं। किसान इसे बचाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बात नहीं बन रही है। ऐसे में कीमत बढ़ाने के अलावा उनके पास और कोई चारा भी नहीं है

दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में अप्रैल में जून जैसी गर्मी पड़ने से किसानों के खेतों में लगी सब्जी पर विपरीत असर पड़ रहा है। सब्जी के पौधे गर्मी के कारण मुरझाना शुरू कर दिए हैं। किसान सब्जी के पौधों के सूखने से बचाने के लिए लगातार सिंचाई कर रहे हैं। हरी सब्जियों पर धूप का गहरा असर पड़ रहा है। सब्जी की फसलें झुलसकर बर्बाद हो रही हैं। गर्मी के प्रकोप से परवल, लौकी, नेनुआ, भिंडी, करैला, हरा मिर्च, खीरा, भिंडी, पालक पर विपरीत असर पड़ता दिख रहा है। हरी सब्जी की उपज कम होने के कारण बाजार में हरी सब्जी का दर मंहगा हो गया है।



**दल्लीराजहरा सब्जी बाजार में यह है सब्जियों की कीमत**

नगर के सब्जी बाजार में परवल 70 रुपये प्रति किलोग्राम, शिमला मिर्च 25 रुपये, भिंडी 40 रुपये, गाजर 40 रुपये, पत्ता गोभी 40 रुपये, धनिया पत्ती 100 रुपये, टमाटर 40 रुपये, पालक 40 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिकने लगा है।

# आत्मानंद स्कूल के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने कार्यों का लिया प्रत्यक्ष प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

- जामगांव में संचालित निजी अस्पताल व कंप्यूटर सेंटर में की इंटर्नशिप

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय जामगांव आर में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम ट्रेड हेल्थ केयर एवं ट्रेड – मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के विद्यार्थियों का इंटर्नशिप कार्यक्रम आ यु ष मा न हॉस्पिटल जामगांव आर एवं द्रोणी कंप्यूटर सेंटर जामगांव आर में हुआ। प्रत्येक विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रोत्साहन राशि 1300 रुपए उनके बैंक खातों में जमा किया गया। यह राशि राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा दी गई। कक्षा 11वी एवं 12वी के कुल 118 विद्यार्थी शामिल हुए, इंटर्नशिप प्रमाण पत्र प्राचार्य राजेश पिल्लई की उपस्थिति में वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षा के प्रभारी डीके. साहू, व्यावसायिक प्रशिक्षक नीलकंठ धीवर एवं गौरव कुमार मिथिलेश तथा वसीम खान, अन्य शिक्षक उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, तापमान चेक करना, बेड मेकिंग, ड्रेसिंग, इंजेक्शन लोड करना, दवा के डोज, दवा देने के मार्ग के बारे एवं मीडिया के विद्यार्थी इंटर्नशिप में छात्रों ने फोटोग्राफी, विडियो एडिटिंग, विडियो मेकिंग फोटो प्रिंटिंग, शादी कार्ड, फोटोशाप साफ्टवेयर यूज कर फोटो एडिटिंग करना पासपोर्ट साईज फोटो बनाना पीसीआईएम में सेट करना एसडी कार्ड विडियो शूटिंग आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाने में जुटीं विधायक संगीता

## पाटन विधानसभा के बेल्हारी क्षेत्र के ग्रामीणों से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

कांकेर लोकसभा क्षेत्र में मतदान होने के बाद संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में प्रचार में जुटी हुई हैं। संगीता सिन्हा दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक राजेन्द्र साहू के पक्ष में माहौल बनाने का कार्य कर रही हैं। वर्तमान में वे पाटन विधानसभा क्षेत्र के बेल्हारी क्षेत्र में लगातार जन संपर्क के साथ जनसभाएं ले रही हैं। इस दौरान वे आम मतदाताओं को कांग्रेस की रीति नीति के साथ कांग्रेस द्वारा दी जा रही 5 न्याय की जानकारी दे रही हैं। संगीता सिन्हा अपने जन संपर्क के दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा देशहित में किए गए कार्यों को लोगों बता रही हैं। इस दौरान वे प्रदेश में बीते 5 साल के दौरान कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार द्वारा किए गए कार्यों को बताकर कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील कर रही हैं। उनके साथ ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर अध्यक्ष तामेश्वर साहू के साथ पाटन क्षेत्र के कांग्रेस नेता व पदाधिकारी भी जनसपंर्क कर रहे हैं।

# एकजुट रहने से समाज होगा मजबूत : ताम्रध्वज





हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

- खम्हरिया में धूमधाम से मनाई गई मां कर्मा जयंती

समाज के बारे में चिंतन जरूरी है, अपने कार्यों का अवलोकन करें कि हमारे समाज पिछले साल कहां था और अब कहां है? हमने पिछले साल कितने गरीबों का इलाज कराया कितने गरीब बच्चों को शिक्षा दी? उसके संबंध में विचार करें और वाले दिनों में नया लक्ष्य बनाकर कार्य करें।

उक्त बातें प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने ग्राम खम्हरिया में आयोजित मां कर्मा जयंती महोत्सव में कही। यहां भक्त माता कर्मा की 1008वीं जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि समाज का उद्देश्य, समाजिक संगठन को मजबूत करना है। इसके साथ ही सामाजिक बुराई को अधिक से अधिक करके हटाना है। इससे समाज में एकजुटता होगी और जब समाज एकजुट रहेगा तब समाज अधिक मजबूत होगा।

**शिक्षित होना जरुरी : रमशीला-** पूर्व मंत्री रमशीला साहू ने कहा कि जिस श्रद्धाभाव से समाज जयंती को परंपरागत रुप से मनाते आ रही है इसे और दृढ़ करने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी लोगों को शिक्षित होना आवश्यक है, क्योंकि इससे हमें अच्छे-बुरे, धर्म-अधर्म और निर्णय लेने की क्षमता में विकास होता है। दीपक ताराचंद साहू ने आयोजन के लिए ग्रामवासियों को बधाई देते हुये कहा कि जिस प्रकार माता कर्मा ने साहू समाज को एकता, त्याग, तपस्या और समरस्ता का मार्ग दिखाया है, उन्हें आदर्श मानकर हमें उनके दिखाये मार्ग पर चलना चाहिए। इस दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक महिला और पुरुषों का सम्मान किया गया।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद-** इस कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग नंदलाल साहू, अति विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रमशीला साहू, जागेश्वर साहू, दीपक ताराचंद साहू, राजेंद्र साहू, लक्ष्मी यशवंत साहू, खिलावन सिंह साहू, राजेश साहू, कृष्णा प्रसाद साहू, दिव्या कलिहारी, यतीश साहू, सुनील साहूकार, दिनेश साहू, पोषण साहू, श्यामलाल साहू, देवश्री साहू, मुकेश साहू, सुखीराम यादव, सरपंच ग्राम पंचायत खम्हरिया सहित तहसील साहू संघ के समस्त पदाधिकारीगण आदि मौजूद थे।

## ग्राम बोरई में श्रीमद् भागवत कथा जारी

# चुनौतियों का सामना करने में आंतरिक शक्ति है सबसे बड़ी पूंजी : पं. निरंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा





ग्राम बोरई में जारी श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचनकर्ता पंडित निरंजन महाराज ने कहा कि जब तक जीवन से हमें मिली सौगातों के प्रति धन्यवाद का भाव नही आयेगा, हम कभी खुश नही हो सकते। परिस्थितियों को जिस दृष्टिकोण से देखेंगे हम वही महसूस करने लगते हैं। संसार की रचना में समता का भाव है, हमारा विचार है जो भेद कर लेता है। सबके लिए चुनौतियां भी है और अवसर भी। कोई धन से सुखी तो तन से दुखी है। हर पल चुनौतियों से भरा है जिसके लिए आंतरिक शक्ति की जरूरत होती है। जीवन में शुभ संकल्प हो, कल्याण की भावना हो तो सागर का भी मंथन कर अमृत प्राप्त किया जा सकता है। भागवत कथा सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को गजेंद्र मोक्ष, सागर मंथन कथा हुई। गजेंद्र जो अपने आप को महाबली होने का दंभ था परिवार का बल का अभिमान था। विपरीत परिस्थि में असहाय हो जाता है और समर्पित भाव से जब नारायण को याद करता है, प्रभु तत्काल उनकी सहायता करने पहुंच जाते हैं। मैं, मेरा से भरे हृदय में नारायण का निवास नही हो सकता। काम, क्रोध, मोह, मत्सर से मुक्त होकर भगवत शरण हो जाना ही मोक्ष है। हमारा आपका जीवन भी सागर है, जहां अमृत भी है, रत्न भी है, सुर, सुरा और जहर भी है। अपने-अपने कर्मों से मंथन भी करते रहते हैं और कर्म अनुकूल मिलने वाली फल का व्यवहार गत ग्रहण करते रहते हैं। जिसके आचरण में दया, करुणा, शील, क्षमा, परोपकार की भावना होता है, वह अमृत का भागी हो जाता है।

